खंड: 8, अंक: 1 जनवरी 2025 RNI- DELHIN/2021/84711

ISSN- 2584-2803 (Print)

संश्लेषण

सी जी एस मासिक पत्रिका

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: चुनाव एवं प्रभाव

Aiming High, Touching Sky

सी जी एस

वैश्विक अध्ययन केंद्र

(पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र)

दिल्ली विश्वविद्यालय

संपादक

प्रोफेसर सुनील कुमार

निदेशक, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: director@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://cgs.du.ac.in/directorMessage.html

संपादक मंडल

डॉ रमेश कुमार भारद्वाज

सहायक आचार्य, सरकारी पी.जी कॉलेज, जीवाजी विश्वविद्यालय, श्योपुर पाली रोड, मध्य प्रदेश, पिन कोड-476337
संयुक्त निदेशक, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: rkbhardwaj1@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://www.mphighereducation.nic.in

डॉ महेश कौशिक

सहायक आचार्य, श्री अरबिंदो कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
अध्येता, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: mkaushik@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://www.aurobindo.du.ac.in

डॉ संध्या वर्मा

एसोसिएट प्रोफेसर, श्यामलाल कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय, जी. टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-110032
अध्येता, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: sverma@shyamlale.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://shyamlale.du.ac.in/wp-content/uploads/2021/11/sandhya-Verma-Political-Science.pdf

डॉ अभिषेक नाथ

सहायक आचार्य, एमएलटी कॉलेज, सहरसा; बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, बिहार।

ई-मेल आई डी: tuesdaytrack@gmail.com

प्रोफाइल लिंक: https://bpsm.bihar.gov.in/Assets2022/AssetDetails.aspx?P1=2&P2=12&P3=239&P4=3

© सीजीएस 2025

संश्लेषण

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: चुनाव एवं प्रभाव

अनुक्रमिका

संपादकीय

1. दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: मतदान व्यवहार और सत्ता परिवर्तन का एक विश्लेषण
– चंद्रिका आर्य 1–8
2. दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: शासन बनाम लोकलुभावनवाद – नीलम 9–13
3. दिल्ली की राजनीतिक शतरंज की बिसातः विधानसभा चुनाव 2025 – प्रणय बरूआ 14–17
4. दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: चुनाव और उसके प्रभाव
– रहत रीत बराड़ और प्रांजल चौहान 18–23
5. दिल्ली विधानसभा चुनाव रुझान (1990–2025): राजनीतिक परिवर्तन व परिवर्तित मतदान व्यवहार तथा मतदाता भावनाओं की अंतदृष्टि – प्रशांत कुमार और सलोनी भाटी 24–29
6. दिल्ली विधानसभा 2025 : चुनाव एवं प्रभाव – सजल जैन 30–36
7. जलवायु परिवर्तन, निर्धनता व मुफ्त सुविधाएंः दिल्ली चुनाव के विषय
– प्रार्थना श्रीवास्तव और सिद्धार्थ 37–41

सम्पादकीय

निरंतरता, गुणवत्ता एवं महत्ता पर केन्द्रित सामरिक वाद–विषयों पर युवा शोधार्थियों से लेख आमंत्रण एवं प्रकाशन समसामयिक सामाजिक विज्ञान की एक महत्वपूर्ण चुनौती रहो है। प्रकाशन के इन महत्वपूर्ण सरोकारों और चुनौतियों के आलोक में वैश्विक अध्ययन केंद्र अपनी मासिक पत्रिका, संश्लेषण के 78वें अंक को पाठकों के समक्ष प्रेषित करते हुए अत्यंत हर्ष और उल्लास का अनुभव कर रहा है। आठ वर्षों से प्रकाशन की इस अकादमिक यात्रा में केंद्र एक परिवार के रुप में समस्त शोधार्थियों, शिक्षार्थियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से सामाजिक विज्ञान के प्रति अपने संकल्पित ध्येय को साकार करता आ रहा है। निरंतरता की इस कडी में संश्लेषण का यह अंश शोध के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एवं दृढ़निश्चतता को प्रदर्शित करने का ही एक सामान्य प्रयास है।

2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटना बनने जा रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) के राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार देने की क्षमता है। भारत की राजनीतिक व प्रशासनिक राजधानी होने के नाते, दिल्ली देश की चुनावी गतिशीलता में बहुत महत्व रखती है। आगामी चुनाव में मुख्य रूप से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (AAP), भारतीय जनता पार्टी (BJP) तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मध्य महत्वपूर्ण स्पर्धा देखने को मिलेगी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में AAP अपनी सत्ता को सुदृढ़ करने की महत्वाकांक्षा क साथ 2025 के चुनावों में उतरेगी। पार्टी ने शासन सुधारों, खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, जल आपूर्ति व बिजली के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके दिल्ली में एक मजबूत पकड़ बनाई है। AAP संभवतः अपनी कल्याणकारी योजनाओं के बल पर प्रचार करेगी, जिसने इसे शहर के मतदाताओं के मध्य पर्याप्त समर्थन दिलाया है। हाल के चुनावों में असफलताओं का सामना करने के बावजूद, भाजपा एक मजबूत दावेदार बनी हुई है। पार्टी की राष्ट्रीय उपस्थिति, साथ ही दिल्ली में इसका सुदृढ़ संगठनात्मक आधार, इसे AAP के प्रभुत्व को चुनौती देने की गति दे सकता है। भाजपा केंद्र सरकार की योजनाओं की लोकप्रियता और प्रधानमंत्री के साथ अपने राजनीतिक गठबंधन का लाभ उठाकर समर्थन प्राप्त कर सकती है।

कांग्रेस, जो कभी दिल्ली में एक प्रमुख शक्ति थी, अब अपनी प्रासंगिकता वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही है। पार्टी की चुनौती एक ऐसा सुसंगत एजेंडा प्रस्तुत करना होगा जो शहर के विविध मतदाताओं को आकर्षित कर सके और स्वयं को AAP व BJP दोनों के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में स्थापित कर सके।

2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव न केवल दिल्ली के राजनीतिक भविष्य का निर्णय करेंगे अपितु राष्ट्रीय राजनीतिक रुझानों को भी प्रभावित करेंगे। परिणामों का शासन, विकास व राजनीतिक विमर्श पर स्थायी प्रभाव पड़ने की संभावना है, जो राज्य व राष्ट्रीय राजनीति दोनों के भविष्य की दिशा को आकार देगा।

राष्ट्रीय स्तर पर विषय की महत्ता तथा राज्य स्तर पर विमर्श की समसामयिकता को ध्यान में रखते हुए केंद्र ने 'दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025ः चुनाव एवं प्रभाव' विषय पर लेख आमंत्रित किये। पाँच उत्कृष्ट लेखों को सम्पादकीय मंडल ने चयनित किया जो आप सभी के समक्ष एक प्रकाशित पत्रिका के रूप में उल्लेखित हो रहे हैं। ये समस्त लेख मौलिक होने के साथ–साथ भारत के लोकतांत्रिक परिदृश्य के बहुआयामी विषयों को भी संबोधित करते हैं। स्वतंत्र चिंतन पर आधारित लेखकों के विचार उनकी रचनात्मकता, सृजनात्मकता एवं मौलिकता को प्रदृशित करने का एक सर्वनिष्ठ प्रयास, प्रयत्न और परिणाम है।

संपादक मंडल शुक्रवार, 14 फरवरी 2025



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025ः मतदान व्यवहार और सत्ता परिवर्तन का एक विश्लेषण

चंद्रिका आर्य

शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

पिछले एक दशक से दिल्ली के मतदाताओं का मतदान व्यवहार लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में अलग अलग रहा है जैसे लोकसभा में राष्ट्रीय मुद्दों और मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर वहीं विधानसभा में स्थानीय मुद्दों और विकास के नाम पर मतदान हुआ है। उदाहरण के रूप में यदि 2014 लोकसभा चुनावों की बात करें तो भाजपा के पक्ष में 46.4% मतदान हुआ वहीं आप और कांग्रेस के पक्ष में यह क्रमशः 32.9% और 15.1% था। परंतु लोकसभा चुनाव के आठ महीने बाद हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर लगभग 14 प्वाइंट नीचे आ गया और पार्टी को केवल 32.2% वोट ही प्राप्त हुए, वहीं कांग्रेस में यह गिरावट लगभग 6 प्वाइंट की थी और उन्हें केवल 9.7% से संतोष करना पड़ा परंतु दूसरी तरफ लगभग 22 प्वाइंट की बढ़ोतरी के साथ 54.5% वोट पाकर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की।

ऐसे ही 2019 लोकसभा चुनावों में देखने को मिला जब भाजपा को 56.8%, कांग्रेस को 22.5% और आप को केवल 18.1% वोट प्राप्त हुए परंतु वहीं आठ महीने बाद हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 18 प्वाइंट की गिरावट के साथ क्रमशः 38.7% और 4.3% रह गया और आप का लगभग 35 प्वाइंट की बढ़ोतरी के साथ 53.8ः पर जा पहुंचा और इसके सहारे एक बार फिर आप ने दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की।

परंतु 2025 में यह ट्रेंड बदल गया और इस बार विधानसभा में भी लोकसभा के मुकाबले बहुत बड़े स्तर पर वोट स्विंग नहीं हुआ जिसका फायद भाजपा को और नुकसान आप को हुआ, जैसे 2024

लोकसभा चुनावों में भाजपा को 54.35%, कांग्रेस को 18.91% और आप को 24.17% वोट मिले, वहीं विधानसभा चुनावों में भाजपा केवल 9 प्वाइंट की गिरावट के साथ 45.56ः वोट प्राप्त करने में कामयाब हुई और कांग्रेस को 12 प्वाइंट का नुकसान हुआ जबकि आप 19 प्वाइंट की बढ़ोतरी ही कर पाई, जो पिछले दोनों विधानसभा चुनावों से कम है।

इस बार भी आम आदमी पार्टी इसी उम्मीद में थी कि दिल्ली के मतदाता विधानसभा चुनावों में लोकसभा के मुकाबले आप के पक्ष में अधिक मतदान करेंगे परंतु भाजपा ने अपनी कड़ी मेहनत से इसे होने से रोक लिया और ढाई दशकों से भी ज्यादा समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी में अपनी सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की। यह लेख दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा कैसे मतदाताओं को अपने पाले में रख पाई और आप कैसे पिछड़ती गई, के साथ साथ कांग्रेस की शून्य हैट्रिक और भाजपा की नवनिर्मित सरकार के समक्ष चुनौतियां का विश्लेषण करेगा।

(क.) भाजपा द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के मुख्य कारण

1.) विश्वास का मुद्दा –

भाजपा ने अपनी चुनावी घोषणाओं के माध्यम से दिल्ली के मतदाताओं का विश्वास जीतने में सफलता हासिल की। केजरीवाल की गारंटी के सामने आम मतदाता ने भाजपा द्वारा पेश की गई ष्मोदी की गारंटीष् पर भरोसा जताया। भाजपा 2020 विधानसभा चुनावों के बाद से ही दिल्ली के मतदाताओं का भरोसा जीतने की कोशिश में लगी हुई थी। जैसे बात चाहे कोविड के दौरान लगे लॉकडाउन की करें तब भी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर दिल्ली वासियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अपना योगदान दिया, इसके अलावा 2020 से ही भाजपा ने आप सरकार की कमियों को उजागर करने का काम बड़े प्रभावशाली तरीके से किया और भाजपा ने बिना कोई मौका चुके पूरे कार्यकाल में आप सरकार को कटघरे में खड़ा करने का सफल प्रयास किया और दिल्ली के मतदाताओं से अपना जुड़ाव टूटने नहीं दिया जिसके परिणाम स्वरूप दिल्ली के मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके इनकी मेहनत का फल इन्हें दिया।

2.) चुनाव प्रचार –

भाजपा चुनाव के शुरुआती दौर में आप से कड़ी चुनौती का सामना कर रही थी परंतु जैसे जैसे भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार को गति दी वैसे वैसे आप के मुकाबले ज्यादा मजबूत होती गई। इस बार चुनाव में भाजपा ने कोई स्थानीय नेता को चेहरा बनाने की बजाय (जैसे 2015 में किरण बेदी और 2020 में मनोज तिवारी को मुख्य चेहरा बनाया था) पूरा चुनाव हर तरीके से मोदी के

नाम पर लड़ा। चुनावी दिन आते आते चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल हो गया और पिछले एक दशक की ये सच्चाई है कि मोदी के सामने कोई भी नेता सफल नहीं हो पाया है, जहां जहां भाजपा ने मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा है वहां लगातार सफतला दर्ज की है जैसे हाल ही में हरियाणा का उदाहरण इसका पुख्ता सबूत है जहां हर कोई टीवी चौनल, राजनीतिक विश्लेषक ये मान कर बैठा था कि कांग्रेस आसानी से चुनाव जीत जाएगी परंतु भाजपा ने मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा और चुनावी नतीजे के दिन प्रदेश में अपनी सबसे बड़ी जीत पर मुहर लगा पाने में सफल हुई। अर्थात मोदी के नाम पर सफलता की मुहर है। इसके साथ ही भाजपा ने दिल्ली में बहुत गहनता से चुनाव प्रचार करते हुए दिल्ली के प्रत्येक दरवाजे तक पहुंचने की सफल कोशिश की जैसे यदि दिल्ली में आंध्र प्रदेश से आकर बसे लोगों की एक ही कॉलोनी थी तो उसमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू की छोटी छोटी सभाएं करवाई जिससे वो मतदाता आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के कहने से भाजपा के पक्ष में मतदान करने को राजी हुए, ऐसे ही प्रत्येक समुदाय, प्रत्येक जाति, प्रत्येक धर्म, प्रत्येक समूह को ध्यान में रख कर उनके सबसे बड़े नेताओं को गली गली घुमाया और उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करवाई जिसका परिणाम 8 फरवरी को देखने को मिला।

3.) स्विंग मतदाताओं को स्थिर करने में सफलता –

पिछले एक दशक से दिल्ली के लगभग 18 से 20 फीसदी मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में स्विंग हो रहे थे। लोकसभा में वो भाजपा के पक्ष में वहीं विधानसभा में भाजपा के विपक्ष में और आप के पक्ष में मतदान कर रहे थे परंतु भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति और कड़ी मेहनत से बड़े स्तर पर स्विंग होने वाले इस मतदाता समूह को स्थिर करने में सफलता हासिल की जिससे इस बार भाजपा को लोकसभा के मुकाबले वोट शेयर में ज्यादा गिरावट नहीं झेलनी पड़ी।

(ख.) आम आदमी पार्टी दिल्ली के मतदाताओं के दिल से कैसे उतरी

1.) भ्रष्टाचार –

आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन के दौरान हुआ परंतु एक दशक बीतते बीतते आम आदमी पार्टी खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई और अपनी ईमानदार छवि के चलते पार्टी व इसके नेताओं ने जो आम मतदाताओं का भरोसा जीता था उसे गवां दिया। पार्टी के शीर्ष नेता लगभग पिछले तीन वर्षों से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में तिहाड़

जेल की हवा खा रहे हैं इससे पार्टी न तो दिल्ली में कुछ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर पाई और न ही अपनी छवि बचा पाई। इसके अलावा पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल का एक दशक पहले के बयानों और आज के ऐशो आराम से दिल्ली के मतदाताओं का उनसे भरोसा टूटा है। एक दशक पहले केजरीवाल चिल्ला चिल्ला कर कहते थे कि उन्हें सीएम की कुर्सी से कोई लगाव नहीं है, परंतु पिछले वर्ष पूरे समय जब वो जेल में रहे तो भी इस्तीफा नहीं दिया और मुख्यमंत्री की कुर्सी पर किसी को नहीं बैठने दिया। सीएम बनने से पहले केजरीवाल का कहना था कि वो सरकारी आवास में नहीं रहेंगे परंतु 30 करोड़ से भी ज्यादा लागत से अपने लिए शीश महल का निर्माण कर लिया आदि ऐसी अनेक घटनाएं घटित हुई जिनके सम्बन्ध में एक दशक पहले केजरीवाल के विचार बिल्कुल अलग थे, इससे केजरीवाल की छवि में भारी गिरावट आई है। अब उनका अन्य नेताओं से वो अंतर भी खत्म हो गया जो शुरुआती दौर में उन्होंने स्थापित किया था।

2.) विकास और नए वादों का अभाव –

वर्ष 2015 में दिल्ली के मतदाताओं ने दिल्ली के विकास और ईमानदार सरकार की उम्मीद में आम आदमी पार्टी के पक्ष में भारी संख्या में मतदान किया और केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने जैसे सरकारी स्कूलों का कायापलट, पानी की सुविधा, मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लिनिक इत्यादि बड़े कार्य करके दिल्ली वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में सफलता भी हासिल की और केजरीवाल के इसी सफल कार्यकाल का नतीजा था कि वर्ष 2020 में एक बार फिर दिल्ली वासियों ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में भारी संख्या मतदान किया और आप की दूसरी बार ऐतिहासिक सरकार बनाने में अपना योगदान दर्ज करवाया परंतु अपने दूसरे कार्यकाल में पार्टी विकास और अपने चुनावी मुद्दों को आम मतदाता तक नहीं पहुंचा पाई। इसके पीछे सबसे मुख्य कारण था केजरीवाल सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में जेल चले जाना। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के जेल में रहते किसी दूसरे नेता को जिम्मेदारी नहीं देना भी पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। इसके अलावा इस चुनाव में आप के पास चुनाव जीतने के लिए न तो नए वादे थे और न ही विकास के कोई कीर्तिमान। पार्टी के पास था तो केवल भ्रष्टाचार और उसमें लिप्त उनका शीर्ष नेतृत्व।

3.) एंटी इनकंबेंसी –

एक दशक से सरकार चला रहे केजरीवाल के सामने एंटी इनकंबेंसी भी एक अहम मसला था जिसे पार्टी पार करने में असफल रही है क्योंकि इसे केवल नए वादों और किए गए विकास कार्यों से

ही भुनाया जा सकता है परंतु आप अपने अति आत्मविश्वास के चलते इसे नहीं कर पाई। वहीं भाजपा ने चुनाव के 4 दिन पहले केंद्रीय बजट के माध्यम से आमजन को टैक्स में जो छूट दी वो अपने आप में पार्टी का मास्टर स्ट्रोक था, जिसने दिल्लीवासियों को नई आशा प्रदान की। इन सबके अलावा प्रदूषण पर, यमुना नदी की सफाई न करने पर, भ्रष्टाचार से अपना अलगाव न कर पाने के कारण और सत्ता को न त्यागने जैसे अनेकों कारणों से आम आदमी पार्टी को इस चुनाव में मुंह की खानी पड़ी है।

(ग.) कांग्रेस की जीरो की हैट्रिक के पीछे मुख्य कारण

1.) चुनाव लड़ने की अनिच्छा –

असल में कांग्रेस पार्टी ने बिना तैयारी के चुनाव लड़ने शुरू कर दिए हैं, 2013 के बाद से बसपा की तरह कांग्रेस चुनावी मैदान में अपने उम्मीदवार तो उतारती है परंतु जीतने की अनिच्छा से। पार्टी ने पिछले 12 वर्षों में ऐसा कोई प्रयास चुनावों के दौरान या चुनावों से पहले नहीं किया जिससे लगे कि कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ने और जीतने के लिए उत्साहित है।

2.) बिना नेता की कांग्रेस –

शीला दीक्षित के मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस ने दिल्ली में दूसरी पीढ़ी का कोई नेता पैदा नहीं किया, कुछ जो बन सकते थे उन्हें पार्टी अपने पाले में रख पाने में विफल रही है। इसके अलावा मौजूदा समय में जब सामने मोदी – केजरीवाल जैसा नेता हो तो निश्चित रूप से कांग्रेस की भी उनके मुकाबले का नेता चुनाव में उतारना होगा और पूरी योजना और रणनीति के तहत चुनाव लड़ना होगा तभी ये जीरो का सिलसिला टूट सकता है।

3.) रणनीति का अभाव–

कांग्रेस के पास दिल्ली में लागू करने हेतु न तो कोई जनकल्याणकारी योजनाएं हैं और न ही विकास का कोई रोडमैप। पार्टी दिल्ली के मतदाताओं तक ना तो अभी तक ये तथ्य पहुंचा पाई है कि शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने दिल्ली में विकास के वो सब कार्य किए जो उस समय किए जाने आवश्यक थे और ना ही कोई विकल्प पेश कर पाई है। यही मुख्य कारण है कि पिछले तीन चुनावों में पार्टी लगातार जीरो पर सिमट कर रह गई है।

(घ.) भाजपा की नवनिर्मित सरकार के समक्ष चुनौतियां

दिल्ली में भाजपा सरकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है प्रदूषण पर लगाम कसना, इसमें वायु प्रदूषण के साथ साथ जल प्रदूषण और यमुना नदी की सफाई करना सबसे महत्वपूर्ण है। चूंकि अब दिल्ली के साथ साथ इससे सटे हुए उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा तीनों राज्यों में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा सत्तारूढ़ है इसलिए अब पिछली सरकारों की तरह पड़ोसी राज्यों पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना बचाव करना संभव नहीं है क्योंकि अब ऐसा किसी भी प्रकार का कोई बहाना नहीं चलेगा। इसके अलावा अब भाजपा के सामने दिल्ली वासियों को पिछले एक दशक से मिल रही फ्रीबीज को चालू रखना भी बड़ी चुनौती होगा क्योंकि यदि इन्हें चालू रखा जाएगा तो निश्चित रूप से विकास की गति धीमी रहेगी और यदि ऐसा होता है तो बीजेपी के लिए भविष्य में कठिनाइयां बढ़ेगी। इसके साथ ही मोहल्ला क्लिनिक में सुधार, सरकारी स्कूलों को और आगे लेकर जाना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा को चालू रखना आदि बड़ी चुनौतियों के साथ दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के लिए भविष्य का रास्ता फूलों की सेज नहीं बल्कि कांटो भरा है।

निष्कर्ष – उपरोक्त विश्लेषण से साफ है कि दिल्ली के मतदाताओं ने विकास की उम्मीद और आशा में आम आदमी पार्टी की बजाय भाजपा के पक्ष में मतदान किया है परंतु अब आने वाले समय में ये देखना दिलचस्प होगा कि कैसे भाजपा अपने समक्ष मुंह बाय खड़ी बड़ी चुनौतियों से पार पाते हुए दिल्ली वासियों की उम्मीदों को पूरा कर पाएगी।

संदर्भ सूची

- Atal, Y. & Choudhary S.K. (2015). Right Turn in Indian Polity. Har-Anand Publications Pvt. Ltd.
- Babu, N. Aam Aadami Party: The common party. February 16, 2025. The Hindu. https://www.thehindu.com/elections/delhi-assembly/aam-aadmi-party-the-common-party/article69223879.ece
- Banerjee, M. (2014). Why India Votes. New Delhi: Routledge.
- Deshmukh, Y. Delhi elections- A masterclass in strategy by team Modi. February 11, 2025.
- Mishra, J. What moved Delhi voters. February 10, 2025. The Indian Express.
- Mishra, S. BJP has finally won Delhi but for AAP, the battle may just have begun, February 09 2025. The Hindu.
- Povaiah, R. Five reasons why AAP have lost Delhi- a voter's perspective, February 08, 2025. Financial Express.
- Saxena, R. (2019). The Indian National Congress: Coping with Challenges of deepening Democracy, Federalism and Neoliberal Capitalism. In Kumar, A. And Sisodia, Y(eds.), How India Votes: A State-by-state Look. (2019). New Delhi: Orient Black Swan.
- Tanan, S. The perception shift against the AAP in the Delhi election, February 20, 2025. The Hindu.
- Wallace, P. (2015). India's 2014 Elections: A Modi - led BJP Sweep. New Delhi: Sage Publications India Pvt. Ltd.

- Wallace, P. (2020). India's 2019 Elections: The Hindutva wave and Indian Nationalism. New Delhi: Sage Publications India Pvt. Ltd.

♦♦♦♦♦



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: शासन बनाम लोकलुभावनवाद

नीलम

शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

भारत की राजधानी दिल्ली ने पिछले कुछ दशकों में एक आकर्षक राजनीतिक प्रक्षेपवक्र देखा है। दिल्ली में चुनाव केवल स्थानीय नेताओं को चुनने के बारे में नहीं हैं, बल्कि वे बड़े राजनीतिक आख्यानों को दर्शाते हैं, जो अक्सर शासन बनाम लोकलुभावनवाद के इर्द–गिर्द केंद्रित होते हैं। दिल्ली में दो प्रमुख राजनीतिक ताकतोंरू आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी रणनीतियों का विश्लेषण करने पर यह विरोधाभास और भी स्पष्ट हो जाता है। आप, जो पारंपरिक राजनीति से अलग हटकर काम करने का वादा करके प्रमुखता में आई, शासन और जमीनी स्तर पर जुड़ाव की हिमायती है, जबकि भाजपा राष्ट्रवादी बयानबाजी और लोकलुभावन उपायों पर बहुत ज्यादा निर्भर करती है। दिल्ली चुनाव में शासन और लोकलुभावनवाद के बीच का अंतर भारत में लोकतंत्र और राजनीतिक रणनीतियों के भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाता है।

आम आदमी पार्टी का उदयः नींव के रूप में शासन

आम आदमी पार्टी (आप) 2013 में एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी, जिसका नेतृत्व अरविंद केजरीवाल ने किया, जो एक पूर्व सिविल सेवक थे, जिन्होंने भारत के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में अपनी भूमिका के लिए राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया था। पारंपरिक पार्टियों के विपरीत, जो अक्सर लोकलुभावनवाद पर निर्भर रहती थीं, AAP ने खुद को शासन सुधार, पारदर्शिता और स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने पर केंद्रित पार्टी के रूप में स्थापित किया, जो सीधे दिल्ली के नागरिकों को प्रभावित करते हैं। केजरीवाल का शासन–केंद्रित एजेंडा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पानी और बिजली जैसी आवश्यक नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के पार्टी के वादे में स्पष्ट है। AAP के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने सब्सिडी वाले पानी और बिजली उपलब्ध कराने, सरकारी स्कूलों में सुधार करने और मोहल्ला क्लीनिकों की शुरुआत के साथ स्वास्थ्य सेवा में सुधार शुरू

करने में महत्वपूर्ण प्रगति की। इस दृष्टिकोण को पारंपरिक राजनीतिक प्रतिष्ठानों के भीतर कथित अक्षमताओं और भ्रष्टाचार के प्रत्यक्ष जवाब के रूप में देखा गया है। AAP का शासन मॉडल ष्नीचे से सशक्तिकरण के विचार पर बनाया गया है। जमीनी स्तर पर जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करके, AAP नेताओं ने नागरिकों से सीधे जुड़ने, उनकी शिकायतों को सुनने और स्थानीय समाधानों के साथ उनका समाधान करने की कोशिश की है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सुधारों पर पार्टी के जोर ने, विशेष रूप से राजधानी में, शहरी मध्यम वर्ग और समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों से महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त किया। शासन के संदर्भ में, AAP ने भ्रष्टाचार को कम करने, प्रशासनिक नियंत्रण को विकेंद्रीकृत करने और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए हैं। यह लोकलुभावनवाद के पारंपरिक मॉडल के बिल्कुल विपरीत है, जहाँ उपाय अल्पावधि में लोकप्रिय हो सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक स्थिरता की कमी हो सकती है।

दिल्ली में लोकलुभावनवादः भाजपा की राष्ट्रीय रणनीति

शासन पर AAP के फोकस के विपरीत, भाजपा ने ऐतिहासिक रूप से लोकलुभावन उपायों पर भरोसा किया है जो व्यापक राष्ट्रीय भावनाओं को छूते हैं। दिल्ली में भाजपा की राजनीतिक रणनीति, विशेष रूप से चुनाव के समय, अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा, हिंदू पहचान और हिंदू सांस्कृतिक मूल्यों क उत्सव के मुद्दों पर केंद्रित रही है। पार्टी ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए अक्सर लोकलुभावन बयानबाजी का इस्तेमाल किया है, जो अक्सर स्थानीय शासन के मुद्दों पर हावी हो जाता है।

लोकलुभावनवाद के प्रति भाजपा के दृष्टिकोण में भावनात्मक अभियानों का उपयोग शामिल है, जैसे मंदिर बनाने का वादा, हिंदू मतदाताओं की चिंताओं को दूर करना और पाकिस्तान, मुसलमानों या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से कथित खतरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना। इन राष्ट्रवादी आख्यानों का उपयोग मतदाताओं के बीच तत्परता और एकजुटता की भावना पैदा करने के लिए किया गया है। साथ ही, वे अक्सर शासन, शिक्षा या स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों से ध्यान हटाते हैं, जिन्हें स्थानीय और व्यावहारिक चिंताएँ माना जाता है।

राष्ट्रवादी बयानबाजी के अलावा, भाजपा आर्थिक विकास के लोकलुभावन वादों पर भी निर्भर करती है। उनका अभियान रोजगार सृजन, बुनियादी ढाँचे में सुधार और ष्सबका साथ, सबका विकासष को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। हालाँकि, ये वादे मतदाताओं को आकर्षित करते हैं, लेकिन अक्सर अस्पष्ट होने और दिल्ली के निवासियों के सामने आने वाली दिन–प्रतिदिन की शासन चुनौतियों को संबोधित नहीं करने के लिए आलोचना की जाती है।

जबकि AAP का ध्यान मुख्य रूप से दैनिक जीवन में ठोस सुधार पर है, भाजपा अक्सर बड़े–से–बड़े वादों और राष्ट्रवादी विषयों पर निर्भर करती है। यह लोकलुभावन दृष्टिकोण दिल्ली के मतदाताओं के एक महत्वपूर्ण हिस्से, विशेष रूप से शहरी कामकाजी वर्ग और मध्यम वर्ग के वर्गों के साथ तालमेल बिठाने में कामयाब रहा है, जो राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों से प्रभावित हैं।

दिल्ली के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव

दिल्ली में चुनावी परिदृश्य को शासन और लोकलुभावनवाद के बीच तनाव द्वारा परिभाषित किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढाँचे जैसे ठोस परिणाम देने में AAP की सफलता ने इसे एक दुर्जेय शक्ति बना दिया है। पार्टी ने लगातार मतदाताओं का विश्वास जीता है जो सुशासन, पारदर्शिता और कुशल प्रशासन को प्राथमिकता देते हैं। वास्तव में, दिल्ली विधानसभा चुनावों में AAP का प्रभावशाली प्रदर्शन, जहाँ इसने कई चुनावों में पर्याप्त बहुमत हासिल किया है, मतदाताओं की शासन–उन्मुख राजनीति के लिए प्राथमिकता को रेखांकित करता है।

दूसरी ओर, भाजपा की लोकलुभावन बयानबाजी मतदाताओं के एक वर्ग को प्रभावित करती रहती है, विशेष रूप से वे जो राष्ट्रीय मुद्दों से प्रभावित होते हैं या जिन्हें लगता है कि हिंदू पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में उनकी चिंताओं को AAP द्वारा पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया जाता है। राष्ट्रवाद और पहचान की राजनीति के इर्द–गिर्द एक बड़ा आख्यान बनाने की भाजपा की रणनीति दिल्ली में राजनीतिक विमर्श को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहती है।

2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव इस बात का स्पष्ट उदाहरण थे कि शासन और लोकलुभावनवाद के बीच प्रतिस्पर्धा कैसे होती है। AAP ने अपने अभियान को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित किया, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया, जबकि भाजपा ने अनुच्छेद 370 CAA (नागरिकता संशोधन अधिनियम) और आतंकवाद पर अपने रुख जैसे राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में चुनाव लड़ा। इसका नतीजा AAP के लिए निर्णायक जीत थी, जिसमें पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीतीं, जो लोकलुभावन कथाओं पर सुशासन के लिए स्पष्ट जनादेश था।

शासन और दिल्ली चुनाव का भविष्य आगे देखते हुए, दिल्ली में शासन और लोकलुभावनवाद के बीच की लड़ाई खत्म होने की संभावना नहीं है। जब तक AAP सेवाओं को बेहतर बनाने और

स्थानीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करती है, तब तक दिल्ली के शहरी और अर्ध–शहरी निर्वाचन क्षेत्रों में इसका प्रदर्शन अच्छा रहने की संभावना है। साथ ही, भाजपा की लोकलुभावन अपील एक महत्वपूर्ण कारक बनी रहने की संभावना है, खासकर राष्ट्रीय या राज्य–स्तरीय अभियानों के दौरान जो व्यापक राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं।

एक तरह से, दिल्ली के चुनाव शासन और लोकलुभावनवाद के बीच बड़ी राष्ट्रीय राजनीतिक लड़ाई का एक सूक्ष्म रूप हैं। जहाँ AAP स्थानीय मुद्दों के व्यावहारिक समाधानों पर ध्यान केंद्रित करती है, वहीं भाजपा एक शक्तिशाली शक्ति बनी हुई है, जो मतदाताओं की भावनाओं और पहचान की भावना को आकर्षित करने के लिए लोकलुभावन रणनीतियों का लाभ उठाती है। इन दो दृष्टिकोणों के बीच संतुलन संभवतः दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य और, विस्तार से, भारत के लोकतंत्र के भविष्य को आकार देगा।

निष्कर्ष

दिल्ली के चुनावों ने आधुनिक भारतीय राजनीति में शासन और लोकलुभावनवाद के बीच बढ़ते तनाव को उजागर किया है। AAP के शासन और पारदर्शिता पर जोर ने इसे उन लोगों के बीच एक मजबूत आधार बनाने की अनुमति दी है जो अपने दैनिक जीवन में व्यावहारिक, जमीनी सुधारों को प्राथमिकता देते हैं। इस बीच, राष्ट्रीय मुद्दों और पहचान की राजनीति में निहित भाजपा की लोकलुभावन अपील चुनावी बहस को आकार देने में एक शक्तिशाली शक्ति बनी हुई है। अंततः, दिल्ली के चुनावों के परिणाम भारत में व्यापक राजनीतिक गतिशीलता में मूल्यवान अंतदृष्टि प्रदान करते हैं और एक झलक प्रदान करते हैं कि चुनावी राजनीति तेजी से ध्रुवीकृत वातावरण में कैसे विकसित हो रही है।

संदर्भ सूची

- "Arvind Kejriwal’s Education Revolution: How AAP's Focus on Governance Helped Win Delhi," *The Hindu*, February 2020.
- Delhi Assembly Election Results 2020: AAP Sweeps Delhi, BJP's National Agenda Fails," *The Economic Times*, February 2020.
- "Populism in India: The Rise of Nationalism and Identity Politics," *India Today*, April 2020.
- "The BJP’s Nationalist Agenda: Implications for Delhi Elections," *Mint*, January 2020.

♦♦♦♦♦

3

दिल्ली की राजनीतिक शतरंज की बिसातः विधानसभा चुनाव 2025

प्रणय बरूआ

एम.ए., विधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव एक राजनीतिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण घटना के रूप में सामने आए। यह चुनाव न केवल त्रिकोणीय संघर्ष का प्रतीक था, बल्कि इसने दिल्ली की राजनीति में व्यापक बदलाव और जनमत की विभिन्न धाराओं को भी उजागर किया। इस चुनाव में तीन प्रमुख राजनीतिक दलों– आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी–अपनी नीतियों और विकासात्मक दृष्टिकोणों के साथ मुकाबला किया। इन चुनावों ने देशभर में विभिन्न मुद्दों के बीच प्रतिस्पर्धा को उजागर किया, जिनमें मुफ्त सुविधाओं, बुनियादी ढांचे के विकास, भ्रष्टाचार, प्रदूषण, यमुनाजी की सफाई, कानून और व्यवस्था की स्थिति जैसे मुद्दे प्रमुख थे। जबकि एग्जिट पोल्स ने कड़ा मुकाबला और कई जगहों पर विधानसभा में त्रिशंकु सभा की संभावना जताई थी, वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से काफी भिन्न रहे। भाजपा ने 70 सीटों में से 48 सीटें जीतकर दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी की, जिससे यह चुनाव इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ।

चुनाव परिणामों से परे, इस चुनाव के दौरान हुई घटनाओं, प्रचार, और मतदाता की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कई महत्वपूर्ण निष्कर्षों की ओर इशारा करता है। इन चुनावों में उत्तर–पूर्व दिल्ली के विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक जागरूकता और मतदाताओं के बीच उत्साह की कोई कमी नहीं थी। अधिकांश मतदाता इन चुनावों को केवल एक पार्टी और उसकी विचारधारा के परिप्रेक्ष्य से देख रहे थे, जबकि कुछ ने इसे एक व्यक्ति के करिश्मा और कार्यक्षमता के नजरिए से देखा। इसके अतिरिक्त, कुछ मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणापत्रों में उठाए गए विशिष्ट मुद्दों को भी प्रमुखता से देख रहे थे। इस चुनाव ने यह साबित किया कि चुनावी संघर्ष हमेशा मुद्दों के आधार पर लड़ा जाता है। इस चुनाव में यह तथ्य विशेष रूप से स्पष्ट हुआ।

विभिन्न मुद्दों ने चुनावी भागीदारी को प्रभावित किया, जैसे मुफ्त बिजली और पानी की आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, सफाई, प्रदूषण, यमुनाजी की सफाई, कानून और व्यवस्था, और

विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण की दिशा में वित्तीय सहायता योजनाएँ, जैसे कि महिला सम्मान योजना। इस चुनाव में सबसे अधिक चर्चा का विषय मुफ्त सुविधाओं या रेवड़ी की राजनीति बनी। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने इन मुफ्त सुविधाओं को श्रेवड़ी' कहा और दिल्लीवासियों को छह श्रवड़ीश देने का वादा किया, जिसमें मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, मोहल्ला क्लिनिक, महिलाओं के लिए बस यात्रा, और वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा शामिल थी। उन्होंने यह भी वादा किया कि यदि पार्टी सत्ता में आई तो महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। अन्य पार्टियों, विशेषकर भाजपा ने मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति के खिलाफ विरोध किया, लेकिन जल्द ही उन्होंने महसूस किया कि इस चुनावी समर में उन्हें भी उसी पानी में तैरना पड़ेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने महिलाओं के लिए 2500 रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की, जो इस बात को साबित करता है कि आजकल महिला मतदाता कितना प्रभावी और निर्णायक हो चुका है।

इन मुफ्त योजनाओं को गरीबों के लिए सामाजिक कल्याण और सशक्तिकरण के रूप में सराहा गया, लेकिन उच्च मध्यवर्ग और संपन्न वर्ग ने इन नीतियों पर आपत्ति जताई, उनका मानना था कि ये योजनाएँ लोगों में आलसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देती हैं और दिल्ली की अर्थव्यवस्था को कमजोर करती हैं। इसके अतिरिक्त, एक और प्रमुख मुद्दा जो चुनावी चर्चा में था, वह था अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप। भाजपा ने इस मुद्दे को अपनी चुनावी रणनीति का प्रमुख हिस्सा बनाया, ताकि दिल्ली के मतदाताओं में समर्थन जुटाया जा सके। भाजपा ने आराप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने प्रदूषण कम करने और यमुनाजी की सफाई को लेकर पर्याप्त कदम नहीं उठाए, और ये मुद्दे दिल्ली के विभिन्न मतदाताओं में गूंजते रहे, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जो प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं से जूझ रहे थे।

उत्तर–पूर्व दिल्ली के मतदाताओं के बीच अव्यवस्थित जल निकासी सुविधाएं और सफाई की समस्याएं भी चुनाव के प्रमुख मुद्दे बने। विशेष रूप से बाबरपुर, सीलमपुर, मुस्तफाबाद जैसे क्षेत्रों में, स्थानीय लोग कानून–व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बढ़ते अपराधों से परेशान थे। 2020 के उत्तर–पूर्व दिल्ली दंगों के बाद से इन क्षेत्रों में अपराधों में वृद्धि देखी गई थी, और यह मुद्दा चुनावी प्रचार में एक महत्वपूर्ण बिंदु बना। भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति में इस मुद्दे को प्रमुख रूप से उठाया और अपने समर्थकों को आश्वस्त किया कि वे कान्न–व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। इसी तरह, दिल्ली के झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में निवासियों के लिए सरकार की योजनाओं और स्लम विकास को लेकर भी एक बड़ा सवाल था।

महिला मतदाताओं, युवा मतदाताओं और अल्पसंख्यक मतदाताओं के दृष्टिकोण से इस चुनाव का विश्लेषण कई रोचक पहलुओं को उजागर करता है। जबकि तीनों प्रमुख दलों ने महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का वादा किया, अधिकांश महिलाओं का मानना था कि केवल आम आदमी पार्टी ही इस वादे को पूरा कर सकती है, क्योंकि पार्टी ने पहले भी कई मुफ्त योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाया था। हालांकि आलोचक इन योजनाओं को केवल मुफ्तखोरी के रूप में देखते हैं, लेकिन इन योजनाओं ने वंचित और पिछड़े इलाकों की महिलाओं को वित्तीय और सामाजिक स्वतंत्रता दी, जैसा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना से स्पष्ट है। हालांकि, कुछ महिलाओं ने इन उपायों की आलोचना की और यह मांग की कि सरकार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करे, जिससे उनकी स्थिति को सच्चे अर्थों मे सुधार जा सके।

युवाओं की बात करें तो उनकी प्रमुख चिंताएं रोजगार के अवसर, गुणवत्ता वाली शिक्षा और बुनियादी ढांचे के सुधार से जुड़ी थीं। उत्तर–पूर्व दिल्ली के युवा मतदाता बेहतर सड़कों, जल निकासी सुविधाओं और सफाई के लिए आवाज उठा रहे थे। युवाओं का एक बड़ा वर्ग सोशल मीडिया पर सक्रिय था, और विभिन्न राजनीतिक दलों ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं से जुड़ने का प्रयास किया। राजनीतिक नेताओं ने डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करके युवा मतदाताओं से सीधे संवाद किया और उन्हें अपनी नीतियों के बारे में बताया। युवाओं के बीच जहां एक वर्ग वर्तमान सरकार के कार्यों से संतुष्ट था, वहीं दूसरा वर्ग बदलाव की तलाश में था।

अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर मुसलमानों के लिए, यह चुनाव साम्प्रदायिक सद्भाव और अल्पसंख्यक कल्याण के मुद्दों से जुड़ा हुआ था। उत्तर–पूर्व दिल्ली के मुस्लिम मतदाता भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति को लेकर संकोचशील थे और उन्होंने आम आदमी पार्टी को फिर से सत्ता में लाने का समर्थन किया। इन क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी ने अपनी सीटों को बनाए रखा, विशेष रूप से बाबरपुर और सीलमपुर में। कांग्रेस पार्टी का समर्थन लगभग न के बराबर था, लेकिन कुछ क्षेत्रों, जैसे कि सीलमपुर में स्लम इलाकों में, कांग्रेस ने अपना प्रभाव बनाए रखा। मुस्तफाबाद क्षेत्र में एआईएमआईएम द्वारा उम्मीदवार खड़ा करने की घटना भी इस चुनावी परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण रही, जो इस बात का संकेत था कि चुनाव में न केवल बड़ी पार्टियाँ, बल्कि छोटे दल भी प्रभावी हो रहे हैं।

इस चुनाव के परिणामों ने दिल्ली की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दिया। भाजपा की 27 साल बाद सत्ता में वापसी ने एक नई राजनीतिक दिशा की ओर इशारा किया। इस बदलाव के पीछे कई कारण थे, विशेष रूप से आम आदमी पार्टी की घटती लोकप्रियता और 'केजरीवाल'

ब्रांड के प्रति असंतोष। दिल्ली में पिछले एक दशक तक शासन करने के बाद, आम आदमी पार्टी ने अपने शासन के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर सफलता नहीं हासिल की, जिसका परिणाम भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में सामने आया। कांग्रेस– जो अपने खोए हुए आधार को फिर से प्राप्त करने में नाकाम रही– ने भाजपा के लिए AAP के खिलाफ वोटों को एकजुट करने का अवसर प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, भाजपा ने हिंदू वोटों को एकजुट करने और AAP तथा कांग्रेस के बीच वोटों के बंटवारे का फायदा उठाया।

भविष्य की राजनीति को देखते हुए सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भाजपा अपने वादों को पूरा करने में सक्षम होगी और क्या वह अपनी सत्ता को बनाए रखेगी, या क्या विपक्ष फिर से मजबूती से उभरकर भाजपा को चुनौती देगी? दिल्ली की राजनीतिक स्थिति बहुत ही गतिशील बनी हुई है और आगामी चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि राजनीतिक दल किस प्रकार से अपने कार्यों और नीतियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करते हैं।

♦♦♦♦♦



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025ः चुनाव और उसके प्रभाव

रहत रीत बराड़ और प्रांजल चौहान

विधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025, देश की राजधानी की राजनीति के इतिहास में एक मील का पत्थर है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को उखाड़ फेंका और आधे राज्य में 27 साल बाद सत्ता में वापसी की। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की, जबकि आप के पास केवल 22 सीटें बची थीं। कांग्रेस, जो अतीत में राजधानी में एक प्रमुख राजनीतिक खिलाड़ी थी, कोई भी सीट सुरक्षित नहीं कर सकी, जो अपने पिछले अस्तित्व के स्पष्ट विपरीत है। कांग्रेस पार्टी अब पिछले 15 वर्षों से सत्ता से बाहर है, पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार 2014 से पहले शीला दीक्षित के नेतृत्व में गठित की गई थी।

2025 के चुनाव को मूल रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच द्विध्रुवीय प्रतियोगिता के रूप में देखा जा सकता है। जबकि भाजपा 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों से 40 सीटों की वृद्धि के साथ विजयी हुई, जबकि भाजपा के मतदाता शेयर में 7.3ः की छलांग है, जो इस चुनाव में कुल 45.8ः है। निवर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी, ।।च् को वोट शेयर में 10ः की भारी गिरावट का सामना करना पड़ा, जिससे यह इस चुनाव में कुल मतदान का 43.8ः हो गया। जबकि प्रमुख प्रतिस्पर्धी दलों के बीच वोट शेयर का अंतर केवल 3ः है, लेकिन जब सीट शेयर में अनुवाद किया जाता है, तो आप ने इस बार भाजपा को 40 सीटें खो दी हैं। कभी दिल्ली की राजनीति में कभी हावी रही कांग्रेस ने सत्ता में अपने पिछले कार्यकाल के बाद से गिरावट का रुख बनाए रखा है।

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप ने श्आम आदमीश के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर जोर देकर शहर की राजनीति पर मजबूत पकड़ बनाई थी। लेकिन इस चुनाव में, भाजपा ने नई दिल्ली जैसे प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल करके एक मजबूत वापसी की, जिसमें भाजपा के प्रवश साहिब सिंह (दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र) ने आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 4,089 मतों से हराया। इसी तरह जंगपुरा में भाजपा

के तरविंदर सिंह मारवाह ने आप के मनीष सिसोदिया पर केवल 675 मतों से करीबी जीत हासिल की। आप के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती में भाजपा के करनैल सिंह से हार गए, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी को एक और हार का सामना करना पड़ा।

इस चुनाव में, सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष स्टार प्रचारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया था। भाजपा के प्रचार अभियान का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के हेमंत बिस्वा सरमा और राजस्थान के भजन लाल शर्मा जैसे वरिष्ठ नेताओं ने किया। आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों में अरविंद केजरीवाल, निवर्तमान सीएम आतिशी, संजय सिंह, हरभजन सिंह और राघव चड्ढा थे। दिल्ली में पार्टियों द्वारा कई बड़ी रैलियां और अभियान चलाए गए, जिनमें से प्रत्येक ने बेहतर शासन, विकास और कल्याणकारी सब्सिडी के वादों के साथ मतदाताओं का ध्यान खींचने की कोशिश की।

आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में आक्रामक प्रचार अभियान चलाया। इन तीनों पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव के बाद कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला के वादे किए, या कोई भी मुफ्त में सौगात देने का वादा करता था. उनमें से प्रत्येक ने कुछ इकाइयों तक मुफ्त बिजली आपूर्ति, सब्सिडी वाले पानी के बिल, बेहतर शासन का वादा किया था। इसी तरह, महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, इन सभी दलों ने वित्तीय सहायता का वादा किया, जिसमें AAP ने महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह ₹2100 का वादा किया, इस बीच, भाजपा और कांग्रेस ने ₹2500 प्रति माह का वादा किया। इस वित्तीय सहायता के वादे के बारे में दिल्ली के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में महिला मतदाताओं से बात करते हुए, उनमें से अधिकांश ने इस वादे को चुनावी हथकंडा के रूप में पाया और उल्लेख किया कि यह उनके मतदान निर्णय को प्रभावित नहीं करेगा। भाजपा ने मतदाताओं को यह भी आश्वासन दिया कि वे केजरीवाल सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखेंगे, जिसे आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी थी कि अगर भाजपा दिल्ली में सत्ता में आती है तो उसे बंद कर दिया जाएगा। मतदाताओं से अपील करने के लिए पार्टियों के बीच प्रतिस्पर्धा थी और प्रत्येक पार्टी ने एक–दूसरे के वादों से आगे निकलने की कोशिश की।

चुनाव अभियान के दौरान हम देखते हैं कि प्रत्येक पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य की समस्याओं के लिए दूसरे दल को दोषी ठहराता है। जबकि आम आदमी पार्टी दिल्ली के एलजी द्वारा अपने

सरकारी कार्यों में पैदा की गई निवारक के बारे में शिकायत करती रही। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने प्रदूषण और भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हुए यमुना नदी के प्रदूषण से निपटने में अकुशल तरीके से काम करने के लिए आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा।

निवर्तमान आप सरकार, राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों और स्कूलों में लाए गए सकारात्मक बदलावों और मध्यम और गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में शेखी बघारती है, जिसने उन्हें एक दशक से अधिक समय तक सत्ता में बने रहने में मदद की है। लेकिन इस बार यह नागरिक बुनियादी ढांचा और इसकी बिगड़ती स्थिति थी जो विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का निर्णायक कारक बन गई। दिल्ली के निवासियों ने मुफ्त कल्याण योजना के लिए राज्य के विकास से समझौता करने पर केजरीवाल सरकार के प्रति अपना असंतोष खुले तौर पर व्यक्त किया है, जिसका लाभ केवल निम्न–मध्यम और गरीब वर्ग द्वारा उठाया जाता है।

आम आदमी पार्टी ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि उसके मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल होंगे, जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर भरोसा करती रही और अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इसके बावजूद दिल्ली के मतदाता अपनी मतदान पसंद के बारे में स्पष्ट थे, क्योंकि निवर्तमान सरकार राज्य के नागरिक बुनियादी ढांचे के विकास में अक्षम साबित हुई, जिससे निवासियों के लिए रोजमर्रा की समस्या पैदा हो गई।

